दिन– गुरूवार दिनांक– 13 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार चौबीस पर संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट आज राज्यसभा और लोकसभा में पेश की गयी। आज जब राज्यसभा की बैठक शुरू हुई तो भाजपा सांसद डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी ने रिपोर्ट की एक प्रति राज्यसभा में रखी। रिपोर्ट रखे जाने के बाद कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया, लेकिन हंगामा जारी रहा। सभापति ने विरोध कर रहे सदस्यों को कार्रवाई की भी चेतावनी दी। बाद में सभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, लोकसभा में जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट सदन पटल पर रखी। रिपोर्ट पेश करते ही विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्यों ने अपनी आपत्तियों को शामिल नहीं करने का आरोप लगाते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन बताया।

————————————————————————————

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में नया आयकर विधेयक–दो हजार पच्चीस पेश किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही दस मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में गया जिले में एक हजार चार सौ सैंतीस करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और जीविका दीदियों तथा स्थानीय लोगों के साथ संवाद किया।

————————————————————————————

नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने आज जमुई में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना के तहत प्रस्तावित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्रेयशी सिंह भी मौजूद थीं।

———————————————————————————

नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के लिए नवम्बर महीने की डेल्टा रैंकिंग में औरंगाबाद जिले को देशभर में पहला स्थान मिला है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि इसके तहत जिले को दस करोड़ रूपये अतिरिक्त प्रदान किये जायेंगे। यह राशि विभिन्न विकास कार्यों में खर्च की जाएगी।

———————————————————————————

आज विश्व रेडियो दिवस है। दुनियाभर में लोगों को रेडियो की महत्ता के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष दो हजार बारह में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मान्यता दी थी। रेडियो प्रसारण पूरे विश्व के लोगों को जोड़ता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम है— **रेडियो और जलवायु परिवर्तन।** इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि रेडियो मनोरंजन के साथ—साथ सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है।

———————————————————————————

आज शब—ए—बरात है। इस्लामी कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की पन्द्रह तारीख को शब—ए—बरात का पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर लोग विशेष इबादत करते है। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनायें दी हैं।

———————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव हुआ है। औसत न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है। वहीं, अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इधर, आज दस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

तापमान के साथ सीतामढ़ी का पुपरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान सोलह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

—————————————————————————

थाईलैंड में आयोजित एशियन रोड एंड पैरा साईकलिंग प्रतियोगिता में दरभंगा के मोहम्म जलालुद्दीन अंसारी ने कांस्य पदक जीता है।

—————————————————————————

किशनगंज जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र के चरघरिया चेक पोस्ट पर पुलिस ने तीन ट्रकों से एक सौ चार पशु बरामद किये हैं। इन पशुओं को तस्करी कर अरूणाचल प्रदेश ले जाया जा रहा था। इस मामले में पंद्रह तस्करों की गिरफ्तारी हुयी है।

—————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।